राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.3 (ख)(पदोन्नति) / 2021–22 / अलेसे– ।। / 629 दिनांकः– 21/09/21

## आदेश संख्या 23 / 2021–22

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम, 1963 के नियम 29(2ए) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी वर्ष 2013–14) की सिफारिशों के आधार पर श्री विमल कुमार पाटनी, कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट सं. 688 / 88) जन्म तिथि 16.09.1965 का चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के रिक्त पद पर वरिष्ठता सह योग्यता के आधार पर किया गया था, किन्तु इनके विरूद्ध सीसीए–16 में आरोप पत्र जारी किये जाने के कारण पदौन्नति नतीजे को बंद लिफाफा किये जाने की अनुशंसा की गई थी। प्रकरण विचारधीन होने के कारण इनके पदोन्नति आदेश जारी नहीं किये गये।

श्री विमल कुमार पाटनी, कनिष्ठ लेखाकार के विरूद्ध विचाराधीन ज्ञापन दिनांक 12.02.2007 द्वारा सीसीए–16 में आरोप पत्र जारी किये जाने के कारण पदौन्नति नतीजा बंद किये जाने एवं विचाराधीन प्रकरण में विभागीय आदेश क्रमांक एफ.1 (सी) 1129 / जांच / 2006 / 558–94 दिनांक 15.04.2021 के द्वारा श्री पाटनी के विरूद्ध लंबित प्रकरण में आरोप मुक्त करते हुए प्रकरण समाप्त किये जाने के कारण इनकी पदोन्नति की जाकर सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II पद की वेतन श्रृंखला 9300–34800 (पे बैण्ड –2), ग्रेड पे–3600 / – में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है। श्री विमल कुमार पाटनी (मेरिट सं. 688 / 88) की वरिष्ठता श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, (मेरिट सं. 687 / 88) एवं श्री ओम प्रकाश स्वामी, (मेरिट सं. 689 / 88) के मध्य रहेगी।

श्री विमल कुमार पाटनी को सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर चयन वर्ष 2013–14 से इस आदेश की पालना में वास्तविक कार्यग्रहण तिथि तक पदौन्नति पद की वेतन श्रृंखला में वेतन निर्धारण का केवल काल्पनिक लाभ ही देय होगा।

श्री विमल कुमार पाटनी, कनिष्ठ लेखाकार वर्तमान पदस्थापित कार्यालय उप कोषाधिकारी, हुरडा (भीलवाडा) की पदोन्नति सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर एतद् द्वारा की जाती है। श्री पाटनी का पदस्थापन उप कोषाधिकारी, हुरडा (भीलवाडा) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर किया जाता है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.3 (ख)(पदोन्नति) / 2021–22 / अलेसे– ।। / 629 दिनांकः– 21/09/21

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. संबंधित कोषाधिकारी।
3. विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष..........................................को प्रेषित कर निवेदन है कि संबंधित कार्मिक के पदोन्नति पर कार्यग्रहण की सूचना विभाग को आवश्यक रूप से प्रेषित करावें।
4. संयुक्त निदेशक, कार्मिक–III, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त कनिष्ठ लेखाकार की निजी पत्रावली अलेसे–II अनुभाग को भिजवाने का श्रम करावें।
5. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर अनुभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने तथा पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
6. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. डीपीसी अनुभाग / गोपनीय अनुभाग / वरिष्ठता।
8. श्री..........................................सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय.......................................।
9. रक्षित पंजिका / आदेश पंजिका।

(भवानी सिंह मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

D:\SAS-II\sas-ii\kailash ji\order